<u>**प्रेस विज्ञप्ति**</u>

# इरेडा आरई के असंगठित सेगमेंट से संगठित क्षेत्र में ट्रांजीशन के लिए प्रतिबद्ध




मुंबई, 22 अगस्त, 2022

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी), श्री प्रदीप कुमार दास ने आज उन लोगों के लिए इरेडा की प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जो आरई के असंगठित सेगमेंट से आरई के संगठित क्षेत्र के ट्रांजीशन के लिए प्रयासरत हैं। वे मुंबई में "एमएएचएपीआरईआईटी ग्रीन फंड इन्वेस्टर मीट 2022" को संबोधित कर रहे थे।

इरेडा के सीएमडी ने इस बात पर जोर दिया कि इरेडा एमएसएमई, स्टार्ट-अप्स की भागीदारी को मजबूत करने और आरई के असंगठित क्षेत्रों से संगठित क्षेत्र में ट्रांजीशन के लिए तत्पर है। इससे समाज के कमजोर वर्ग का वित्तीय समावेशन हो सकेगा । देश में आरई क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता के रूप में, इरेडा इस क्षेत्र की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरी करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है।

इरेडा के सीएमडी ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि भारतीय आरई उद्योग में अग्रणी के रूप में, इरेडा ने अक्षय ऊर्जा के उपयोग/निवेश को बढ़ावा देने के लिए बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) और बैटरियों का विनिर्माण, ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन (इलेक्ट्रोलिसर), इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सेगमेंट, अपशिष्ट पुनर्चक्रण इकाइयों आदि के नवीन प्रौद्योगिकियों के वित्तपोषण के लिए व्यापक नीति शुरू की है। उन्होंने आगे कहा कि प्रस्तावित राष्ट्रीय हाइड्रोजन ऊर्जा मिशन और हाइड्रोजन ऊर्जा के उपयोग के लिए भारत सरकार के लक्ष्य के अनुरूप, इरेडा स्थायी ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देने के लिए तैयार है।

